ont>

Title: Need to release a lumpsum amount for early completion of gauge conversion work between Narkatia Ganj and Darbhanga in North Bihar.

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) : महोदय, मैं सदन का ध्यान उत्तर बिहार के नरकटियागंज तथा दरभंगा के बीच छोटी रेल लाइन के आमान परिवर्तन के कार्य की तरफ दिलाना चाहता हूं। इस रेल सेवा से उत्तर बिहार के विभिन्न हिस्सों से देश के दूसरे हिस्सों के लिए सीधे रेल लाइन चलाई जा सकेगी। यह कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है, परन्तु यह कार्य तीन वर्ाों से चल रहा है। इसमें केवल मिट्टी का कार्य हुआ है, वह भी अधूरा है। इस कार्य की महत्ता को देखते हुए इस कार्य को बहुत ही जल्द करना अति आवश्यक है। इससे रेल को राजस्व बढ़ाने में सहायता भी मिलेगी। इस कार्य को शीघ्र पूरा करने हेतु इस कार्य को एकमुश्त राशि देकर इसे अगले वित्त वर्ा 2004-2005 में करवाया जाये।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर एकमुश्त राशि देकर इसे 2004-2005 के वित्त वर्ा में ही पूरा किया जाये।